सार समाचार

उ. कोरिया के शीर्ष अधिकारी अमेरिकी दौरे के लिए रवाना

वाशिंगटन , एएफपी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच ऐतिहासिक परमाणु शिखर वार्ता की कूटनीतिक तैयारियों के एक बार फिर जोर पकड़ने के साथ पूर्वी एशियाई देश के एक शीर्ष अधिकारी आज अमेरिका के लिए रवाना हुए जबकि रूस के विदेश मंत्री भी उत्तर कोरिया की यात्रा करेंगे। किम जोंग के विश्वासपात्र जनरल किम योंग चोल न्यूयार्क में अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ से मिलेंगे। ट्रंप ने जनरल किम योंग के अमेरिका की यात्रा करने की पुष्टि करते हुए ट्विटर पर लिखा कि अमेरिका की एक '' शानदार टीम '' परमाणु गतिरोध के हल के मकसद से होने वाली वार्ता में हिस्सा लेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति को 12 जून को सिंगापुर में शिखर वार्ता के होने की अब भी उम्मीद है। उन्होंने ट्वीट किया , '' शिखर वार्ता को लेकर इस समय बैठक हो रही है। उत्तर कोरिया के वाइस चैयरमैन किम योंग चोल न्यूयार्क आ रहे हैं। मेरे पत्र का ठोस जवाब दिया गया , आपका शुक्रिया। '' वहीं रूस सरकार ने कहा कि विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए कल उत्तर कोरिया जाएंगे। पिछले महीने वैश्विक शक्तियों के साथ तनावपूर्ण संबंधों में सुधार की कोशिशों के तहत उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री रि योंग हो ने मॉस्को में लावरोव के साथ वार्ता की थी।

अब्बासी ने निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्धता दोहराई

इस्लामाबाद, वार्ता। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहिद खाकन अब्बासी ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा मीडिया की आजादी को लेकर की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री अब्बासी ने गैर जनप्रतिनिधि सरकार के सत्ता संभालने को लेकर भी चिंता जतायी है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'हम देख सकते हैं कि बलूचिस्तान तथा सीनेट में क्या हुआ? यह देश हित में अच्छा नहीं है। मीडिया नियंत्रण के बारे में उन्होंने कहा कि आधुनिक दुनिया में मीडिया पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। उन्होंने कहा, यहां कई वरिष्ठ पत्रकार मौजूद हैं जो मेरी इस बात से सहमत होंगे कि मौजूदा समय में मीडिया को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है जिस तरह पहले हो सकता था।

भारत, इंडोनेशिया मजबूत करेंगे संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो के बीच गहन वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी रिश्तों को मजबूती देते हुये व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर सहमति जतायी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र नौवहन का आह्वान किया।

जकार्ता ■ भाषा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो के बीच गहन वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी रिश्तों को मजबूती देते हुये व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर सहमति जतायी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र नौवहन का आह्वान किया। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कुल 15 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। मोदी कल रात इंडोनेशिया की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे। आज सुबह यहां मरडेका महल में उनका भव्य स्वागत किया गया। मरडेका महल इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के निवासों में से एक है।

प्रतिनिधि स्तर की वार्ता से पहले दोनों नेताओं के बीच सीधी बातचीत हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने समुद्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की। वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस बयान में मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने संबंधों को और मजबूत करने पर रजामंदी जतायी है। मोदी ने कहा कि भारत की 'पूर्व में काम करो नीति' और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा एवं वृद्धि) दृष्टिकोण राष्ट्रपति विदोदो की 'मेरीटाइम फल्करम नीति' से मेल खाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''पड़ोसी और साझीदार के तौर पर हमारी चिंताएं समान हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समुद्री सुरक्षा और संरक्षा को सुनिश्चित करें। यह हमारे आर्थिक हितों को बनाए रखने के लिए भी जरुरी है।'' उन्होंने कहा, ''हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझेदार के तौर पर एक-दूसरे की प्रगति और भलाई में हमारे साझा हित हैं। यही वजह है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए हम साझा दृष्टिकोण और सिद्धांतों पर सहमत हुए हैं।'' मोदी ने हाल में इंडोनेशिया के दूसरे सबसे बड़े शहर सुरबाया में तीन गिरजाघरों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, साथ ही कहा कि आतंक से जकार्ता की लड़ाई में भारत उसके साथ खड़ा है। मोदी ने कहा, ''इस तरह की घटनाएं हमें बताती हैं कि वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से लड़ने के प्रयासों को मजबूत किया जाना मौजूदा समय की मांग है।''

दोनों देशों के बीच रक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रेलवे और स्वास्थ्य इत्यादि क्षेत्रों में कुल 15 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश अपने द्विपक्षीय व्यापार को 2025 तक 50 अरब डॉलर पर ले जाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करेंगे। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के समूह आसियान के राष्ट्र प्रमुखों के इस वर्ष जनवरी में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के मौके को याद करते हुए मोदी ने कहा कि भारत-आसियान साझेदारी ना सिर्फ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति की गारंटी बन गई है बल्कि यह उससे भी आगे बढ़ चुकी है।

बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सामुद्रिक सहयोग पर दोनों देशों के साझा दृष्टिकोण पर बात की और क्षेत्र में शांति, स्थिरता एवं तीव्र आर्थिक वृद्धि और समृद्धि लाने की अपनी प्रतिबद्धताओं को और मजबूत करने की बात भी कही। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को एक ऐसा मुक्त, खुला, पारदर्शी, नियम आधारित, शांतिपूर्ण, समृद्ध और समावेशी क्षेत्र बनाने की वकालत की जहां संप्रभुता और क्षेत्रीय एकता, अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन, विशेषकर समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि का पालन, नौवहन और उड़ान भरने की स्वतंत्रता, सतत विकास, खुला-मुक्त-निष्पक्ष और आपस में फायदा देने वाला व्यापार और निवेश व्यवस्था हो। साढ़े सात हजार किलोमीटर की तटीय रेखा और 1,380 से ज्यादा द्वीपों के साथ 20 लाख वर्ग किलोमीटर के विशेष आर्थिक क्षेत्र की बदौलत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत एक केंद्रीय भूमिका में है। जबकि इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा विभिन्न द्वीपों से बना देश है जो हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को आपस में जोड़ता है। दोनों पक्षों ने वार्ता की द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने का स्वागत किया। इसके तहत अब द्विपक्षीय सुरक्षा संवाद, त्रिपक्षीय संवाद, रक्षा सहयोग समझौतों और बाहरी क्षेत्र में सहयोग समझौतों को आगे बढ़ाने जैसी नयी प्रणालियां शामिल हैं। मोदी ने सवा सौ करोड़ भारतीयों की ओर से इंडोनेशिया के लोगों को ईद की बधाई भी दी। उन्होंने कहा, '' सवा सौ करोड़ भारतवासियों की ओर से मैं आपकी समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना करता हूं।''

विश्व समाचार / कूटनीति

योग सिखाने चीन जायेगा 22 सदस्यीय दल

नई दिल्ली ■ वार्ता

दुनिया के अन्य देशों के साथ चीन में भी लोगों में योग का आकर्षण बढ़ रहा है और चीन की माँग पर अगले सप्ताह योग प्रशिक्षकों का एक 22 सदस्यीय दल वहाँ भेजा जा रहा है। आयुष (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी) विभाग के सचिव राजेश कोटेचा ने आज यहाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी देने के क्रम में बताया कि अगले सप्ताह 22 प्रशिक्षकों का एक दल चीन जायेगा। इस दल के सदस्यों के नाम मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा तय किये जायेंगे। यह दल एक सप्ताह तक वहाँ रहेगा। आयुष विभाग के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् की पहल पर योग प्रशिक्षकों को चीन भेजा जा रहा है। इसके लिए चीन से माँग आयी थी। उन्होंने बताया कि दुनिया के 50 देशों में परिषद् के स्थायी कार्यालय हैं। इन कार्यालयों में पिछले साल योग प्रशिक्षक भी नियुक्त किये गये थे।

चीन में भी एक केंद्र है, लेकिन वहाँ से माँग आने के कारण अतिरिक्त प्रशिक्षकों को भेजा जा रहा है। अधिकारी का कहना है कि चीन में योग काफी लोकप्रिय है। पिछले साल भी एक 22 सदस्यी दल वहाँ भेजा गया था। श्री कोटेचा ने बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा।

गोरक्षकों पर कार्रवाई नहीं कर रहा भारत : अमेरिका

न्यूयॉर्क ■ आईएएनएस

अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह पशुओं का वध करने और बीफ (गाय का मांस) खाने के संदेह में मुसलमानों पर हमला करने वाले गोरक्षकों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि धार्मिक भावना से प्रेरित होकर की गई ऐसी सैकड़ों हत्याओं की खबरें सामने आई हैं। मंगलवार को जारी हुई विदेश विभाग की अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रपट के अनुसार, 'प्रशासन ने गाय काटने या अवैध रूप से गायों को ढोने या तस्करी करने या बीफ खाने के संदेह में ज्यादातर मुसलमानों पर गोरक्षकों द्वारा किए गए हमलों के खिलाफ अक्सर कार्रवाई नहीं की।' रपट में आगे कहा गया है, 'धार्मिक हत्या, हमले, दंगे, धार्मिक अधिकार पर प्रतिबंध, भेदभाव और संपत्तियों पर हमले के सैंकड़ों मामले सामने आए हैं। समूहों ने सबसे ज्यादा निशाना मुस्लिमों और ईसाइयों को बनाया है।' रपट के अनुसार, ₹गोरक्षक समूहों के कई सदस्य गाय काटने और बीफ खाने को हिंदुओं की आस्था पर हमला मानते हैं और उन्होंने बीफ खाने वालों या बीफ उद्योग से जुड़े लोगों के खिलाफ कई हिंसक हमले किए हैं, जिसमें उनकी हत्या की गई है, उन्हें पीटा गया है, और प्रताड़ित किया गया है। रपट में आगे लिखा है, 'नागरिक समाज और धार्मिक अल्पसंख्यकों के सदस्यों का कहना है कि वर्तमान सरकार में गैर हिंदुओं और धर्मस्थलों के खिलाफ हिंसा पर उतारू राष्ट्रवादी हिंदू संगठनों से धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय पहले से ज्यादा असुरक्षित महसूस करता है।' रपट में हालांकि इसका भी उल्लेख किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी घटनाएं रोकने के लिए राज्य सरकारों को प्रत्येक जिले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नियुक्त करने का निर्देश दिया है और मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की की जानकारी सर्वोच्च न्यायालय में पेश किया जाए। वार्षिक रपट अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न या हिंसा की घटनाओं के खिलाफ तथा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर आधारित प्रमुख समाचारों को मिलाकर बनाई गई है। इस रपट को लेकर विदेशी पत्रकारों के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश विभाग में रपट के प्रभारी अधिकारी, सैमुएल ब्राउनबैक ने भारत की निंदा करते हुए आरोप लगाया, 'दुर्भाग्यवश भारत में विभिन्न समुदायों में ढेर सारी धार्मिक हिंसा हुई है।'

शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट

मुंबई ■ वार्ता

विदेशी बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच अधिकतर समूहों में रही गिरावट के दबाव में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 43.13 अंक फिसलकर 34,906.11 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 18.95 अंक की सुस्ती में 10,614.35 अंक पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों के साथ सेंसेक्स भी गिरावट के साथ 34,876.13 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान 35,017.45 अंक के उच्चतम और 34,735.11 अंक के निचले स्तर को छूता हुआ यह गत दिवस की तुलना में 0.12 प्रतिशत कमजोर पड़कर 34,906.11 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 11 कंपनियों में तेजी और शेष में गिरावट रही। निफ्टी भी लुढ़कता हुआ 10,579.00 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान 10,648.70 अंक के उच्चतम और 10,558.45 अंक के निचले स्तर से होता हुआ यह गत दिवस की तुलना में 018 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10,614.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 32 कंपनियां गिरावट में और शेष 18 तेजी में रहीं। विश्लेषकों के मुताबिक टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन में दोबारा ठन गयी है जिससे वैश्विक आर्थिक मंच पर हलचल मच गयी है। अस्थिरता के माहौल में निवेशक जोखिम भरे निवेश से कोताही बरतते हैं। दिग्गज कंपनियों की तुलना में मंझोली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में गिरावट रही। बीएसई का मिडकेप 0.03 प्रतिशत यानी 5.38 अंक की तेजी में 16,052.74 अंक पर और स्मॉलकेप 0.19 प्रतिशत यानी 32.74 अंक की गिरावट में 17,347.72 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में कुल 2,854 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,479 में गिरावट, 1,214 में तेजी और शेष 161 कंपनियों के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। विदेशी बाजारों में गिरावट का रुख रहा। यूरोपीय बाजारों में ब्रिटेन का एफटीएसई 1.26 और जर्मनी का डेक्स 1.53 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

नई दिल्ली , भाषा। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विसेज ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने अनुमान को घटाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया।

रॉयल इनफील्ड क्लासिक 500 पेगासुस भारत में लॉच

मुंबई, वार्ता। रॉयल इनफील्ड ने भारतीय बाजार में क्लासिक 500 पेगासुस के सीमित संस्करण को आज लॉच करने की घोषणा की, जिसकी मुंबई में ऑन रोड कीमत 2,49,217 रुपये है।

कंपनी ने याहां जारी बयान में कहा कि इस सीमित संस्करण के मात्र एक हजार मोटरसाइकिल ही वैश्विक स्तर पर बेचे जा रहे हैं और उनमें से 250 मोटरसाइकिल भारतीय बाजार के लिए रखी गयी है। कंपनी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उपयोग की गयी मोटरसाइकिल आरई/डब्ल्यूडी 125 फ्लाइगि फ्ली की याद में यह नयी मोटरसाइकिल लॉच की है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कंपनी के ब्रिटेन स्थित संयंत्र में आरई/डब्ल्यूडी 125 फ्लाइगि फ्ली मोटरसाइकिल बनायी गयी थी और इसका उपयोग सिर्फ सैन्यकर्मी करते थे। उसने कहा कि 10 जुलाई को उसकी वेबसाइट पर भारत में यह मोटरसाइकिल बेची जायेगी।

ACE EDUTREND LIMITED
CIN:L29299DL1993PLC201811
Regd. Office: A7/6, Jhilmil Industrial Area, Shahadra , New Delhi-110095
Tel. No. : +91 11 22133000, Email id : csaceindia@gmail.com ; Website : www.aceedutrend.in

Statement of Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year Ended 31st March, 2018

(In Million)

Sl No.	Particulars	Quarter Ended 31-Mar-2018 Audited	Twelve Months ended 31-Mar-2018 Audited	Quarter Ended 31-Mar-2017 Audited
1	Total income from operations (net)	3.85	27.54	14.53
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(12.59)	(2.96)	(18.54)
3	Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(12.59)	(2.96)	(18.54)
4	Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(12.59)	(9.04)	(18.54)
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	(12.59)	(9.04)	(18.54)
6	Equity Share Capital	91.61	91.61	91.61
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	-
8	Earnings Per Share (Face Value of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations)-			
	(a) Basic	(1.37)	(0.99)	(2.02)
	(b) Diluted	(1.37)	(0.99)	(2.02)

Note :
1. The Audited Financial Results is reviewed by the Audit Committee, have been approved and taken on record by the Board of Directors of the Company at its meeting held on 29th May, 2018.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly/year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly/ year ended Financial Results are available on the Stock Exchange Website (www.bse-india.com) and on the Company's website (www.aceedutrend.in).

For ACE EDUTREND LIMITED
Sd/-
Ruma Mukherjee
Director (DIN: 03437200)
Date : 29.05.2018
Place : New Delhi

DHAMPURE SPECIALITY SUGARS LIMITED
CIN : L24112UP1992PLC014478
Village Pallawala, Tehsil Dhampur, District Bijnor (U.P.) - 246761

FINANCIAL RESULTS FOR THE YEAR ENDED 31.03.2018

Rs. Lakh

Sl. No.	Particulars	Standalone					Consolidated	
		Quarter Ended Unaudited			Year Ended Audited		Year Ended Audited	
		31.03.2018	31.12.2017	31.03.2017	31.03.2018	31.03.2017	31.03.2018	31.03.2017
1	Total Income from Operations	245.75	269.77	430.55	875.60	2316.36	944.26	2394.98
2	**Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#)**	**6.41**	**20.17**	**-21.97**	**18.04**	**79.21**	**43.85**	**110.57**
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	6.41	20.17	-21.97	18.04	74.18	41.75	103.29
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	1.76	18.62	-24.01	8.57	46.74	34.34	74.42
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	1.76	18.96	-24.01	11.51	43.51	37.28	71.19
6	Equity Share Capital	753.62	716.12	716.12	753.62	716.12	753.62	716.12
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year							
8	Earnings Per Share (of Rs. ___/- each) (for continuing and discontinued operations) -							
	1. Basic :	0.22	0.26	(0.34)	0.15	0.61	0.49	0.99
	2. Diluted :	0.22	0.26	(0.34)	0.15	0.61	0.49	0.99

Notes :
(1) The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their meeting held on May 29,2018.
(2) The Statutory Auditor of the company have issued an unqualified review report on the Audited standalone and consolidated financial result for the year ended 31st March 2018
(3) The figures for the quarters ended March 31, 2018 is the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published unaudited year to date figures upto the third quarter of the respective financial year, which were only reviewed and not subject to audit.
(4) The above is an extract of the details format of the Audited standalone & Consolidated financial result filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations,2015 the full format of the Audited standalone & Consolidated financial result are available on the website of the stock Exchange at **www.bseindia.com** and on the company's wesite **www.sugarindia.com**

For and on behalf of Board
Sd/-
Harish Kr. Goswami
Company Secretary
Place : New Delhi
Date : 29.05.2018

JOHN OAKEY AND MOHAN LIMITED
CIN : L15549DL1962PLC003726
Reg office : Flat No-508, Sethi, Bhawan Rajendra Place, New Delhi - 110008
E-mail : oakeymohan@gmail.com, **Website :** www.oakeymohan.com
Tel : 0120-2657298, **Fax :** 0120-2659155

Statement of Audited Financial Results for the quarter & year ended 31-03-2018

(Rs. in Lakh)

Particulars	Quarter Ended		Year Ended	
	31/03/2018 Audited	31/03/2017 Unaudited	31/03/2018 Audited	31/03/2017 Audited
Total income from operations (net)	683.62	779.45	2502.56	2749.47
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(16.54)	24.67	44.88	90.29
Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(16.54)	24.67	44.88	90.29
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(16.06)	15.78	23.92	59.07
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	1.52	17.88	57.94	61.20
Equity Share Capital	48.38	48.38	48.38	48.38
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-	-
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) -				
1. Basic:	(3.32)	3.26	4.94	12.21
2. Diluted:	(3.32)	3.26	4.94	12.21

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Year ended Audited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarter and Year ended Audited Financial Results are available on the Stock Exchange website www.msei.in and the company's website www.oakeymohan.com.
2. The above financial results have been reviewed by the audit committee and taken on record by the board of directors in its meeting held on 30th May, 2018.
3. The financial results for the year ended March 31, 2018 have been audited by the statutory auditors of the Company. The statutory auditors have expressed an unmodified report.

John Oakey And Mohan Limited
Satish Mohan
Managing Director
Din-00230292
Place: New Delhi
Date : 30/05/2018

सत्कार फिनलीज लिमिटेड
CIN : L65910DL1996PLC075394
पंजीकृत कार्यालय : 829, लक्ष्मीदीप बिल्डिंग, 8 फ्लोर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नेक्स्ट टू V3S मॉल, लक्ष्मी नगर, दिल्ली – 110092
31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्श के लिए एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांष
(राशि लाख में)

विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
	31-03-2018 लेखापरीक्षित	31-12-2017 अलेखापरीक्षित	31-03-2017 लेखापरीक्षित	31-03-2018 लेखापरीक्षित	31-03-2017 लेखापरीक्षित
प्रचालनों से कुल आय (निवल)	21.92	16.23	29.52	75.90	71.07
अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक और / या अतिविषिश्ट मदों से पूर्व)	2.58	0.95	2.77	7.56	7.59
कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या अतिविषिश्ट मदों के बाद)	2.58	0.95	2.77	7.56	7.59
कर पष्चात अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या अतिविषिश्ट मदों के बाद)	0.54	0.95	0.42	5.52	5.24
अवधि के लिए कुल व्यापक आय { अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर पष्चात) एवं अन्य व्यापक आय (कर पष्चात) शामिल}	0.54	0.95	0.42	5.52	5.24
प्रदत्त शेयर पूंजी	2204.40	2204.40	2204.40	2204.40	2204.40
आरक्षित (31 मोर्च, 2018 को तुलनपत्र में दर्षाए गए अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	-	-	-	2412.45	2406.93
प्रति शेयर अर्जन (रु. 1 / – प्रत्येक) (गैर–वार्शिकीकृत)					
बेसिक :	0.000	0.001	0.000	0.005	0.005
डायल्यूटिड :	0.000	0.001	0.000	0.005	0.005

नोटः उपरोक्त सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवष्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल परिणामों के विस्तष्त प्रारूप का सारांष है। तिमाही / वार्शिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.satkarfinlease.in पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
सत्कार फिनलीज लिमिटेड
हस्ता / –
(रुप सिंह)
निर्देशक
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 मई, 2018

फन्नी सॉफ्टवेयर लिमिटेड
CIN : L72300DL2007PLC165836
पंजीकृत कार्यालय : ऑफिस नं. 208, दूसरा तल, प्लॉट नं. ए–1, मधुवन टॉवर, वीर सावरकर ब्लॉक, शकरपुर दिल्ली – 110092
वेबसाइट : **www.funnysoftwarelimited.com** ई–मेल: **funny_soft@yahoo.com**
(31.03.2018 को समाप्त तिमाही एवं वर्श के लिए एकल परिणाम)
(राशि लाख में)

विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
	31-03-2018 लेखापरीक्षित	31-12-2017 अलेखापरीक्षित	31-03-2017 लेखापरीक्षित	31-03-2018 लेखापरीक्षित	31-03-2017 लेखापरीक्षित
प्रचालनो से कुल आय (निवल)	27.94	25.00	184.87	132.52	283.25
कर पूर्व सामान्य कार्यकलापों से निवल लाभ / (हानि)	3.78	0.79	2.50	8.13	3.46
कर पष्चात अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (अतिविषिष्ट मदों के बाद)	1.72	0.79	1.71	6.07	2.39
प्रदत्त शेयर पूंजी	2,008.00	2,008.00	2,008.00	2,008.00	2,008.00
आरक्षित (31 मार्च, 2018 को तुलनपत्र में दर्षाए गए अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	151.96				
प्रति शेयर अर्जन (रु. 10 / – प्रत्येक)					
मूल :	0.009	0.004	0.009	0.030	0.012
डायल्यूटिड :	0.009	0.004	0.009	0.030	0.012

नोट
1. लेखापरीक्षा समिति द्वारा उपरोक्त परिणामों की समीक्षा की गई है और 29.05.2018 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. कम्पनी ने 1 अप्रैल, 2017 से भारतीय लेखाकरण मानक (''इंड एएस'') को अपनाया है। इसके साथ कम्पनी ने इंड एएस के अंतर्गत पिछली अवधियों / वर्श के परिणामों को पुनः वर्णित किया है।
3. वर्तमान अवधि वर्गीकरण के लिए पुश्टि हेतु जहां कहीं आवष्यक हुआ पिछली अवधि के आंकड़ों को पुनः व्यवस्थित / पुनः समूहित किया गया है।
4. उपरोक्त सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवष्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल तिमाही / वर्श को समाप्त परिणामों के विस्तष्त प्रारूप का सारांष है। तिमाही / वार्शिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (http://www.funnysoftwarelimited.com) पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते फन्नी सॉफ्टवेयर लिमिटेड
हस्ता / –
राम नरेश
निदेशक
दिनांक : 29.05.2018
स्थान : नई दिल्ली